आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष को बधाई दी।
- भारत यू ए ई ने द्विपक्षीय वार्ता में सीमा पार से होने वाले आतंकवाद की कड़ी निन्दा की।
- कदमतला पुलिस को मिली बड़ी सफलता। पुलिस ने करीब बीस लाख रुपये के आभूषण बरामद किए।
- पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी स्टेडियम में होने वाले सार्वजनिक समारोह में सामान लाने पर रोक लगाई गई।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा और नितिन गडकरी सहित वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने नितिन नबीन की नेतृत्व क्षमता और युवा ऊर्जा की सराहना की। उन्होंने कहा कि संगठन का नेतृत्व परंपरा और अनुभव से प्रेरित है और जनसेवा हमेशा पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। श्री नबीन पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश कभी भी घुसपैठियों को अपने नागरिकों और गरीबों के अधिकारों को लूटने की अनुमति नहीं देगा। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन बिहार से भाजपा के इतिहास में सबसे युवा अध्यक्ष हैं और वर्तमान में पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने भी नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को अपने बधाई संदेश में कहा–

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात—यू ए ई के राष्ट्रपति, शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच कल नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान, दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी प्ररूपों की निंदा की। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2032 तक दोगुना करके 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों देशों ने एच.पी.सी.एल. इंडिया और एडनॉक गैस यू.ए.ई. के बीच तेल और गैस से जुड़े समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। भारत और यू.ए.ई ने भारत में एक सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। गुजरात के धोलेरा में विशेष निवेश के लिए यू.ए.ई की भागीदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारतीय कला और विरासत को संरक्षित करने के लिए अबू धाबी में हाउस ऑफ इंडिया की स्थापना की जाएगी।

<><><><><><><>

कदमतला पुलिस ने चोरी के एक मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का यह मामला पाँच जनवरी को कदमतला के शांतनु की एक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। शिकायत में सोने के आभूषण, नकद और घरेलू सामान चोरी होने की सूचना दी गई थी। मध्योत्तर अंडमान की पुलिस अधीक्षक और रंगत एसडीपीओ की निगरानी में चोरी की जांच के लिए एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया, जिसमें एसआई शाइन नायर, एसएचओ कदमतला पुलिस स्टेशन, एसआई एस. सुदर्शनन सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग साढ़े उन्नीस लाख रुपये के चोरी किए गए सोने के आभूषण बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त साढ़े छियालिस हजार रुपये नकद और एक एलपीजी सिलेंडर भी बरामद हुआ। आरोपी को मायाबंदर न्यायालय में पेश करने के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आकाशवाणी समाचार से बात करने के दौरान भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन ने बताया—

<><><><><><><>

अंडमान—निकोबार द्वीपसमूह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को नेताजी स्टेडियम में आयोजित सार्वजनिक समारोह में सुरक्षा कारणों से आमंत्रित व्यक्तियों और जनता से कोई सामान न लाने का अनुरोध किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरक्षा अपूर्व गुप्ता ने जानकारी दी है कि समारोह में आने वाले व्यक्ति प्रतिबंधित वस्तुओं में माला, गुलदस्ता, पावर बैंक, बैटरी से चलने वाले खिलौने, सिक्के, पेजर, कैमरा, दूरबीन, सिगरेट, लाइटर, माचिस, हैंडबैग, छाता, पानी की बोतल, पैकेट, ब्रीफकेस, ट्रांसमीटर, टिफिन बॉक्स, कांच और नुकीले सामान शामिल हैं।

<><><><><><><>

आईएनए स्मृति समिति की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के अवसर पर 25 जनवरी, को श्री विजयपुरम के फ्लैग पॉइंट पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम साढ़े पाँच बजे शुरू होगा और इसमें नेताजी के जीवन और योगदान को उजागर करने वाली देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की क्रॉस कंट्री टीम, 24 जनवरी को रांची में आयोजित होने वाली 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी। इस टीम में चार खिलाड़ी शामिल हैं। राजधानी श्री विजयपुरम के सी एच राजेश तथा कदमतला के अभिजीत मजूमदार ओपन पुरुष वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहीं, नेवल चिल्ड्रन स्कूल के कक्षा 11 के छात्र विशेष मिश्रा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भातूबस्ती के आर. किर्थिक अंडर–16 बालक वर्ग की 2 किलोमीटर दौड़ में भाग लेंगे। टीम 21 जनवरी को रांची के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

<><><><><><><>